प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 27.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

............

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में आयोजित हो रहे मुख्य सचिवों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

- गृहमंत्री अमित शाह ने देशभर में आतंकवाद निरोधक दस्ते एटीएस का साझा ढांचा बनाने पर जोर दिया।

- राजस्थान लोक सेवा आयोग ने साल 2026 में होने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी किया।

- सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का 814वां उर्स सम्पन्न–जायरीन के लौटने का सिलसिल शुरू।

............

नई दिल्ली में मुख्य सचिवों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कल से शुरू हुए इस सम्मेलन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज और कल अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा क्षेत्र–विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं।

............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल एप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

.............

गृहमंत्री अमित शाह ने देश भर में आतंकवाद निरोधक दस्ते–**एटीएस** का एक साझा ढांचा बनाने का आह्वान किया है। गृहमंत्री ने राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को इसे जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पुलिस के लिए साझा एटीएस ढांचा प्रत्येक स्तर पर आतंकी हमलों को रोकने में सहायक होगा। श्री शाह ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए के दो दिवसीय आतंक रोधी सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि एनआईए ने एक साझा आतंकवाद निरोधक दस्ता–एटीएस ढांचा विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। गृहमंत्री ने भविष्य की चुनौतियों का मजबूती से सामना करने के लिए देश में एक अभेद्य और मजबूत '**आतंकवाद रोधी ग्रिड**' बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

............

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कल बालोतरा में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विजय विश्नोई और सोलेसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद रहे। अधिवेशन में देशभर के चार हजार से ज्यादा अधिवक्ता भाग ले रहे है। मीडिया से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि संविधान के 75 वर्षो में सामाजिक समरसता और समानता का भाव बढा है।

.....

............

चौमूं में हुई पत्थरबाजी की घटना के बाद अब स्थिति नियंत्रण में है। कस्बे में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और हालात पर नजर बनाये हुए है। पुलिस ने घटना में कथित रूप से शामिल रहे लोगों को चिन्हित कर हिरासत में लिया है। जयपुर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. राजीव पचार ने बताया कि अब तक 100 लोगों को पकडा गया है। मौके पर एसटीएफ और आरएसी तैनात है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से शांति बनाये रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। इस बीच संभागीय आयुक्त पूनम ने इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध रविवार सुबह सात बजे तक बढ़ा दिया है।

...........

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने साल 2026 में होने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने बताया कि अगले वर्ष 16 भर्ती परीक्षाएं होंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की शुरूआत 11 जनवरी को डिप्टी कमान्डेंट परीक्षा के साथ होगी। 12 जनवरी को आयुर्वेद विभाग की लेक्चरर परीक्षा तथा 1 फरवरी को **सहायक विद्युत निरीक्षक** और **जूनियर केमिस्ट** की परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। मार्च में **सहायक अभियंता संयुक्त भर्ती** की मुख्य परीक्षा 15 से 18 मार्च तक आयोजित की जाएगी। वहीं अप्रेल से दिसम्बर तक 5 तारीखों को आयोग द्वारा आयोजित अन्य भर्ती परीक्षाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। सब **इन्स्पेक्टर, प्लाटून कमांडर भर्ती** परीक्षा 5 अप्रेल, वेटरनेरी ऑफिसर भर्ती परीक्षा 19 अप्रैल, प्राध्यापक एवं कोच भर्ती परीक्षा 31 मई से 16 जून तक होगी। मई, जून और जुलाई में प्राध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक तथा कनिष्ठ विधि अधिकारी की परीक्षाएं होंगी, जबकि अगस्त से नवंबर तक सांख्यिकी अधिकारी, निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर्स, सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी तथा संरक्षण अधिकारी की परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त नवंबर और दिसंबर में कुछ तिथियां अन्य भर्ती परीक्षाओं के लिए आरक्षित रखी गई हैं। श्री साहू ने बताया कि पारदर्शिता और आधुनिक परीक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित टेस्ट के माध्यम से आयोजित की जाएंगी।

............

चूरू जिले में कल एक जीप और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मृत्यु हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दुर्घटना स्टेट हाईवे 20 पर जिले के सांडवा क्षेत्र में हुई। हादसे में चार लोगों ने घटना स्थल पर ही दम तोड दिया। ये एक ही परिवार के थे। घायलों को बीकानेर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

............

आज गुरू गोबिंद सिंह जयंती है। सिखों के दसवें गुरू श्री गोबिंद सिंह जी खालसा पंथ के संस्थापक थे। ये दिन प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गुरूद्वारों में विशेष प्रार्थना सभाएं कीर्तन और लंगर के आयोजन रखे गये है।

............

सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का 814वां उर्स कल अजमेर में कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ। सालाना उर्स की रौनक परवान पर रही। हजारों जायरीन ने कल जुमे की नमाज अदा की। ख्वाजा की बारगाह में सिर झुकाकर अकीदत पेश की। हमारी संवाददाता ने बताया कि इसके साथ ही जायरीन का लौटने का सिलसिला भी शुरू हो गया।

...............

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी प्रवास पर रहेंगे। सात दिन के इस दौरे में श्री बिरला क्षेत्रवासियों से भेंट करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष का आज शाम छावनी में गुरूगोबिंद सिंह के प्रकाश उत्सव में शामिल होने का कार्यक्रम है। श्री बिरला श्रीनाथपुरम में राजस्थान एकाउन्टेंट एसोसिएशन के अधिवेशन और किशोरपुरा में आरएसी बटालियन के वंदे मातरम संभागीय अधिवेशन में भाग लेंगे। श्री बिरला ने इससे पहले कल चित्तौडगढ में राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव में शिरकत की। इस दौरान 15 हजार से अधिक महिलाओं ने पारम्परिक घूमर नृत्य कर कीर्तिमान बनाया। श्री बिरला ने इस आयोजन को सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का संगम बताया। उन्होंने कहा कि विरासत और आध्यात्म का ये भाव नई पीढी को प्रेरणा देगा।

............